**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्ष से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी, भर्ती एजेंसी परीक्षाएं नहीं लेगी। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि त्रुटिमुक्त परीक्षा संचालित करने और जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

*****************************************************************

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने प्रदेश के सभी डिपुओं के बाहर हेल्पलाइन नंबर लगाए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि उपभोक्ता इसका प्रयोग कर अपनी परेशानी बता सकें। उन्होंने उपभोक्ता द्वारा हेल्पलाइन नंबर पर की गई बातचीत की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि शिकायत और उस पर की गई कार्रवाई की जानकारी रखी जा सके। इसके अलावा डिपुओं में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।श्री राजेश नागर ने कल चंडीगढ़ में प्रदेश भर से विभाग के अधिकारियों की बैठक के दौरान यह आदेश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और राशन डिपुओं के तथ्यों के मेल न खाने पर भी अधिकारियों को जवाब तलब किया।उन्होंने एक - एक अधिकारी से जिलों के राशन डिपुओं और राशन आपूर्ति को लेकर जानकारी भी ली। उन्होंने पिछले दिनों जिला पलवल में राशन के कट्टे में रेत पाए जाने वाले मामले में आगे करवाई न किए जाने पर सम्बंधित सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निलंबित करने के आदेश भी दिए।

*****************************************************************

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कल रोहतक जिला के गांव भाली आनंदपुर स्थित सहकारी चीनी मिल के 69वें पेराई सत्र का वर्चुअल माध्यम

से शुभारंभ किया।किसानों व मिल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि सरकार गन्ना उत्पादक किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को एक सप्ताह में गन्ना की फसल का भुगतान करना सुनिश्चित किया जाएगा।सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का गन्ना 400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा जा रहा है तथा किसी भी गन्ना उत्पादक किसान की राशि बकाया नहीं है।

************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने अधिकारियों को गुरुग्राम शहर में निर्माण एवं विखंडन जनित मलबे के प्रसंस्करण हेतु लगाए जा रहे संयंत्र के कार्य में तेजी लाने और इसे समय पर पूरा करने के लिए अतिरिक्त श्रमिक तथा ठेकेदार लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, परिवहन तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण समेत कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को नए ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा। दिए। बैठक में गुरुग्राम में सड़कों की मरम्मत, भूमि हस्तांतरण, पानी की कमी, सीवर लाइन आदि से संबंधित मुद्दे भी उठाए गए। इसके अलावा मुख्य सचिव ने अधिकारियों को गुरुग्राम के सेक्टर- 65 में इलेक्ट्रिक बस डिपो के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी करने के निर्देश भी दिए।

************************************************************

चण्डीगढ़ नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने केन्द्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों और निगमों में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से कल चंडीगढ़ में वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति की अध्यक्ष एंव प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुश्री आम्रपाली दास ने कहा किअपनेपन का एहसास, मौलिक सोच और रचनात्मक अभिव्यक्ति केवल अपनी भाषा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हिन्दी के प्रयोग से जिस अपनेपन का एहसास होता है वह अन्य भाषा के प्रयोग से संभव नहीं

है।बैठक में नराकास सदस्य सचिव नीना मल्होत्रा ने केन्द्रीय कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग की समीक्षा प्रस्तुत की।समिति द्वारा वर्ष 2023-24 में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता  लगभग 39 अधिकारियों एवं कर्मचारियों  और हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सराहनीय प्रयास करने वाले 38 कार्यालय प्रमुखों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।